# नाली निर्माण कार्य में लापरवाही, परेशान आजाद वार्डवासी

**पनागर नवभारत।** बिसैदी जबलपुर - आज़ाद वार्ड बिसैदी क्षेत्र के नागरिकों ने नाली निर्माण और टूटी हुई सड़क की समस्या को लेकर नगर पालिका अधिकारियों और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। नागरिकों ने बताया कि पिछले दो से तीन महीनों से सड़क की हालत जर्जर है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। साथ ही अधूरी नाली और गंदगी की वजह से संपूर्ण क्षेत्र में गंदा पानी भर रहा है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

मुख्य मार्ग शंकर जी के चबूतरे के पास स्थित पुलिस की टूटी हुई सड़क से आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। दो महीने बीत जाने के बाद भी इस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। सड़क के क्षतिग्रस्त होने के कारण आए दिन वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में हालात और भी गंभीर हो गए हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा नगर पालिका पन्नागर और जिला कलेक्टर कार्यालय में दो अलग-अलग तिथियों (20 मार्च 2025 और 12 जून 2025) को ज्ञापन सौंपा गया। 181 पर भी इसकी शिकायत के है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द टूटी सड़क की मरम्मत, अधूरी नाली का निर्माण तथा सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए। ज्ञापन पर उमेश केवट, राजू केवट, रामप्रसाद केवट, अमिता केवट, सविता केवट, सुनील केवट, संदीप लोधी सहित अनेक नागरिकों के हस्ताक्षर हैं, जिससे क्षेत्र की गंभीर स्थिति का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।





# कुशनेर विद्यालय से सेवानिवृत प्रधानाध्यापक को दी बिदाई

**पनागर नवभारत।** कुशनेर विद्यालय में प्रधान अध्यापक कल्पना श्रीवास्तव का सेवानिवृत कार्यक्रम संकुल केंद्र कुशनेर में आयोजित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अलकेश चतुर्वेदी अध्यक्ष म प्र पाठ्य पुस्तक निगम भोपाल, विशिष्ट अतिथि विवेक पटेल उपाध्यक्ष जिला पंचायत जबलपुर,जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, बीईओ पनागर सोनम कटारे ने कल्पना श्रीवास्तव को शुभ कामनाएं दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना किया।मनोज पहलवान द्वारा पगड़ी बंधन किया गया।संकुल के सभी विद्यालयों के प्रभारी अपने साथीगण के साथ कल्पना श्रीवास्तव का अभिनंदन किया पूर्व प्राचार्य सरिता सिसोदिया सहित अनेकों सेवा निवृत शिक्षक, प्राचार्य गण जगत सिंह मार्को,रितेश झा, विवेक जैन ने बधाई दी। दिनेश यादव ने बिदाई गीत रफी के आवाज मे प्रस्तुत किया।अरविंद वर्मा,शबाना बेगम,आराधना सोनी,अर्चना शुक्ला,ज्योति बोरिया, सरोज चौधरी,निशा दहायत,लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव,चेतना सिंह,रेखा मिश्रा,नीतू सोनी,उमाशंकर दुबे,राजेश श्रीवास्तव,सपना नेमा, मीना कठौते,वीना राणा,मनोज प्रजापति,जितेंद्र पटेल,संगीता हल्दकर, ममता दुबे,मंगेश पटेल, शैलेश मिश्रा,ममता ठाकुर ,ममता मांग उपस्थित थे।उनके परिवार से डॉ आर के श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव थे। मंच संचालन उत्तम मिरी ने किया आभार प्रदर्शन प्राचार्य जे एस मार्को ने किया।

# परशुराम मंदिर में किया गया पौधरोपण



**पनागर नवभारत।** ग्रीन पनागर अभियान के अंतर्गत शारदा परिवार द्वारा परशुराम मंदिर परिसर में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति और प्रकृति प्रेमी उपस्थित रहे। इनमें श्रद्धा आशीष दुबे (सांसद धर्मपत्नी), राजकुमार पटेल ( ग्रामीण अध्यक्ष भाजपा), शैलेंद्र साहू (नगर मंडल अध्यक्ष), अंकुर जैन,नितिन गौतम,पूनम के.के. कुशवाहा, नीलू केसरवानी, रजनी अशोक सोनी, दुर्गा ठाकुर, शीतल पटेल, अन्नु दुबे, सुरेश मिश्रा, प्रदीप गौतम, रितुराज तिवारी, पवन पटेल, शैलेश तिवारी,बंटी व्यास, मयूर कुशवाहा, सरिता सराफ, इंदुलता मिश्रा, राजगुरु बर्मन, और वीरू उपाध्याय प्रमुख थे। कार्यक्रम के दौरान, सभी उपस्थित प्रकृति प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक रुद्राक्ष और कदम्ब के पौधे रोपे।

# मुंशी प्रेमचंद का साहित्य आज भी प्रासंगिक है



**जबलपुर नवभारत।** मुंशी प्रेमचंद जी का साहित्य आज भी प्रासंगिक है उनके द्वारा अपने साहित्य में जो चित्रण किया गया है आज भी समाज को आईना दिखाकर स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिये प्रेरणादायी है, वहीं गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी अपने साहित्य के माध्यम से समाज के प्रति कर्तव्य बोध, मर्यादा, सदाचरण, एवं आत्मीय भाव को जन-जन तक बडे ही सहज रूप पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया है उक्त आशय के उद्गार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने महासभा द्वारा आयोजित कायस्थ कुलगौरव मुशी प्रेमचंद एवं गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर व्यक्त किये। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, प्रदेश महिला अध्यक्ष डा. रेनू श्रीवास्तव, एड. भानू श्रीवास्तव,, श्रीमती ममता श्रीवास्तव, एड.स्मृति सिन्हा, नवनीत श्रीवास्तव, अदिति श्रीवास्तव, नीलेश भटनागर, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, दीपक निगम, आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की।



# सेवानिवृत्त शिक्षिका को दी गई बिदाई

**जबलपुर नवभारत।** बरेला शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में पदस्थ श्रीमती किरण सबड़े प्राथमिक शिक्षक का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम आयोजित हुआ। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभा भवन में आयोजित कार्यक्रम में शाला संकुल परिवार की ओर से सेवानिवृत शिक्षिका को शाल, श्रीफल,सम्मान पत्र, उपहार भेट कर सेवानिवृत्त किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आशीष पंड्या, वरिष्ठ शिक्षक सतीश चौबे, मंजुला मलिक, मुक्ति खरे, शशि लोधी,मनीषा कश्यप, दीपिका दोहरे,शुभम जैन, सोनाली ठाकुर, अनामिका, अर्चना गोप, शिवांगी गुप्ता,हेमलता राजोरिया, एवं परिवारजन, शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## चाकूबाजी में युवक और आरोपी घायल

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत गल्ला बाजार में चाकूबाजी हो गई। चाकू से हमला किए जाने और छुड़ाने के बाद युवक और आरोपी दोनों घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक आलोक पटैल 25 वर्ष निवासी गुरूनानक वार्ड पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एलएलबी की पढ़ाई कर रहा है , दोहपर लगभग 1-30 बजे वह एवं संस्कार सिंह ठाकुर गल्ला बजार पनागर में खड़े थे अंकित बर्मन आकर पुरानी बात को लेकर उसके साथ विवाद करने लगा। उसने गालियां देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुये उसे मारने के लिये चाकू निकाला तो उसने एवं संस्कार सिंह ने चाकू छुड़ाने का प्रयास किया जिससे दोनों को चोटें आ गई। अंकित भाग गया।

# स्थापना दिवस मनाया, सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान



**जबलपुर नवभारत।** प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान, जबलपुर में दिनांक 31 जुलाई 2025 को संस्थान का 136वां स्थापना दिवस बड़ी गरिमा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त एवं पूर्व शैक्षणिक सदस्यों को सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम के आयोजक एवं संयोजक संस्थान के प्राचार्य सहदेव सिंह मेरावी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आयोजन समिति द्वारा पूर्व प्राचार्यों एवं शिक्षकों का हार्दिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव के द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया ,कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जी.पी. यादव द्वारा किया गया।

35 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में डॉ. के.के. दुबे, डॉ.श्रीमती डी.एस.मालवीय, सुश्री आशा रिछारिया डॉ. एस.एल. मालेगांवकर, डॉ. ओ.पी. चैकसे, डॉ.एन.के.सोनकर, श्री टी.जी. नियोगी, डॉ.चित्रा शर्मा एवं श्रीमती राधा शुक्ला सहित कुल 35 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओँ ने शानदार प्रस्तुति दी।

# पार्थ ने जीता इंटरनेशनल प्रतियोगिता में सिल्वर और गोल्ड मेडल

▸ परिजनों में खुशी का माहौल



**पाटन नवभारत।** चौधरी मोहल्ला के रहने वाले पार्थ बबेले ने कोलकाता में हुई इंटरनेशनल कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीता है इस प्रतियोगिता में 12 देश के खिलाड़ियों ने शिरकत की थी जिसके बीच में पार्थ ने अलग-अलग वर्गों में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीत कर जिले और नगर का नाम रोशन किया है चौधरी मोहल्ला के रहने वाले पार्थ बबेले कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोलकाता गए थे और वहां पर उन्होंने अनेक खिलाड़ियों के बीच में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर नगर ओर परिजनों पकी का नाम रोशन किया। पार्थ ने गुरुवार शाम 5 बजे बताया कि कोलकाता में इंटरनेशनल प्रतियोगिता आयोजित हुई थी जिसमें वह प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे थे इसमें अलग-अलग देशों से खिलाड़ी भी आए थे उनके बीच में उन्होंने न उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और खिताब जीता। पार्थ का कहना है कि वह कराते में ही अपना कैरियर बनाना चाहते हैं उनका अगला लक्ष्य कॉमनवेल्थ खेलों में भी पदक जीतना है जिसके लिए वह अच्छी तैयारी कर रहे हैं चौधरी मोहल्ला के रहने वाले पार्थ सत्येंद्र बबेले के बेटे हैं पार्थ का कहना है कि परिजनों के सहयोग से वह इस मुकाम तक पहुंचे हैं ।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जिला-जबलपुर**

न्या.अप.कले.महो. का मामला क्र. 0023/अ-20/2023-2024 दिनांक 29/07/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतक लेख है कि आवेदक **आयुक्त नगर पालिक निगम जबलपुर** के द्वारा मौजा जबलपुर प.ह. जबलपुर तहसील अधारताल जबलपुर के अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 226 का रकबा 0.8090 है. पर सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु भूमि की मांग की गई है। अतः उपरोक्त भूमि आवंटन किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति न्यायालय में पेशी दिनांक 05/08/2025 तक उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 29/07/2025 को इश्तहार जारी किया गया। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मोहर

जारी दिनांक- 29/07/2025
पेशी दिनांक- 05/08/2025
तहसीलदार अधारताल, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जिला-जबलपुर**

न्या.अप.कले.महो. का मामला क्र. 0023/अ-20/2023-2024 दिनांक 29/07/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतक लेख है कि आवेदक **आयुक्त नगर पालिक निगम जबलपुर** के द्वारा मौजा जबलपुर प.ह. जबलपुर तहसील अधारताल जबलपुर के अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 275 का रकबा 0.7690 है. पर सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु भूमि की मांग की गई है। अतः उपरोक्त भूमि आवंटन किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति न्यायालय में पेशी दिनांक 05/08/2025 तक उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 29/07/2025 को इश्तहार जारी किया गया। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मोहर

जारी दिनांक- 29/07/2025
पेशी दिनांक- 05/08/2025
तहसीलदार अधारताल, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जिला-जबलपुर**

न्या.अप.कले.महो. का मामला क्र. 0023/अ-20/2023-2024 दिनांक 29/07/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतक लेख है कि आवेदक **आयुक्त नगर पालिक निगम जबलपुर** के द्वारा मौजा जबलपुर प.ह. जबलपुर तहसील अधारताल जबलपुर के अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 260 का रकबा 1.7240 है. पर सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु भूमि की मांग की गई है। अतः उपरोक्त भूमि आवंटन किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति न्यायालय में पेशी दिनांक 05/08/2025 तक उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 29/07/2025 को इश्तहार जारी किया गया। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मोहर

जारी दिनांक- 29/07/2025
पेशी दिनांक- 05/08/2025
तहसीलदार अधारताल, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र/494/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **सत्येन्द्र कुमार बनाफर/स्व. नंदलाल बनाफर** निवासी 1448/2 पूर्वी घमापुर द्वारका नगर कॉंचघर जबलपुर ने नजूल ब्लॉक नंबर 148 प्लॉट नं 29/40 निर्मित रकबा/रकबा 1860 व.फु./अ.वि. हिस्सा हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/वसीयतनामा/दान पत्र/वारसान हक/दिनांक मृत्यु दिनांक 31/02/2012 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किए जाने का आवेदन पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण/खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लॉक नं. 148 प्लॉट नं 29/40 निर्मित रकबा 1860 व.फु./अ.वि. हिस्सा व.फु.हे/ग्राम करियापाथर प.ह.नं. खसरा नं. रकबा 1860 व.फु./हे. नंदलाल वल्द मेवालाल सा0 कछियाना लालमाटी के नाम से दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 18/08/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तिहार आज दिनांक 15/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

न्यायालय की मुद्रा
जारी दिनांक-15/07/2025
पेशी दिनांक- 18/08/2025
तहसीलदार, रांझी, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र/0092/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **अनीता डाखोरे अन्य/स्व. अनिल डाखोरे** निवासी चंद्रशेखर वार्ड रॉंझी जबलपुर ने नजूल ब्लॉक नंबर 5बी प्लॉट नं. 11 रकबा 1500 व.फु./अ.वि. हिस्सा हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/वसीयतनामा/दान पत्र/वारसान हक/ दिनांक मृत्यु दिनांक 02/01/2019 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किए जाने का आवेदन पत्र, खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण/खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लॉक नं. 5बी प्लॉट नं 11 रकबा 1500 व.फु./अ.वि. हिस्सा व.फु.हे/ग्राम रॉंझी प.ह.नं. 22/25 खसरा नं. 101/1, 130, 145, 158, 160, 186 रकबा 1500 व.फु./हे. के.सी जॉर्ज वल्द चुण्डापिल्ला चाको निवासी रॉंझी के नाम से दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 18/08/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तिहार आज दिनांक 23/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

न्यायालय की मुद्रा
जारी दिनांक-23/04/2025
पेशी दिनांक- 18/08/2025
तहसीलदार, रांझी, जबलपुर

**पश्चिम मध्य रेल**

इंजीनियरिंग विभाग– खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी.पी.–112–2025 दिनांक 25.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** मंडल अभियंता दक्षिण (जबलपुर) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत इटारसी–जबलपुर खंड में प्रमुख / महत्वपूर्ण पुल संख्या 840 / 1, डाउन, 897 / 1 डाउन, 757 / 4 अप, 840 / 1 अप, 863 / 1 अप, 897 / 1 अप, 952 / 1 अप कुल – 7 पुलों में 2357 स्लीपर में चैनल स्लीपरों को एच–बीम स्लीपरों से प्रतिस्थापित करने का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 7,85,46,919 / –, **बयाना राशि– 5,42,700 / –, समापन अवधि–** 18 माह, **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी.पी.–113–2025 दिनांक 25.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** बीना – कटनी खंड पर सीनियर डीईएन / सेट्रल / जबलपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत 8 पुलों पर प्रमुख / महत्वपूर्ण पुल संख्या 1193 / 1 डाउन, 1193 / 1 अप, 1222 / 1 अप, 1222 / 1 डाउन, 1231 / 1 अप, 1231 / 1 डाउन, 1234 / 1 अप और 1234 / 1 डाउन कुल 666 चैनल स्लीपरों को एच–बीम स्लीपर से प्रतिस्थापित करने का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 2,23,33,580 / –, **बयाना राशि– 2,61,700 / –, समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी.पी.–114–2025 दिनांक 25.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** मंडल अभियंता(मुख्यालय) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत तीन विविधि कार्य– भागः 1: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर उपमंडल के अंतर्गत एसएसई / कार्य / पश्चिम के लिए गोदाम, सीमेंट गोदाम तथा दो कमरों का निर्माण कार्य। भाग:2: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर उपमंडल के अंतर्गत कछपुरा मालगोदाम में लेवल क्रासिंग 316 से गणेश मंडपम तक सड़क की मरम्मत कार्य। भाग:3: मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर में दोपहिया एवं चार पहिया वाहन पार्किंग का सुधार एवं मरम्मत कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 1,50,65,630 / –, **बयाना राशि– 2,25,300 / –, समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी.पी.–115–2025 दिनांक 25.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम) जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत तीन विविधि कार्य– भागः ए: सहायक मंडल अभियंता / सागर उपमंडल:– सहायक मंडल अभियंता / सागर उपमंडल के अंतर्गत ट्रेक के साथ विभिन्न स्थानों पर (प्री–कास्ट) बाउंड्री वॉल का निर्माण, जिसमें अतिक्रमण / मवेशी रन ओवर / अतिक्रमण शामिल है। (41000 मीटर), भाग बी: दमोह उप–मंडल के अंतर्गत ट्रेक के साथ विभिन्न स्थानों पर (प्री–कास्ट) बाउंड्री वॉल का निर्माण, जिसमें अतिक्रमण / मवेशी रन ओवर / अतिक्रमण शामिल हैं। , **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 8,22,41,637 / –, **बयाना राशि– 5,61,200 / –, समापन अवधि–** 18 माह, **उपरोक्त सभी निविदाओं में निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे–** 19.08.2025, **उपरोक्त सभी निविदाओं में अंतिम तिथि एवं समय 15:15 बजे –** 19.08.2025, उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**NASHIK MUNICIPAL CORPORATION, NASHIK**
**PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT**
**(WATER SUPPLY)**
**Tender Notice No. 08/2025-26**

Nashik Municipal Corporation, Nashik invites bids Augmentation of Mukane Water Supply Scheme, WTP, Construction of Gravity Main from Vilholi to Gandhi nagar, Sadhugram & Nilgiri Baug WTP for Sinhastha Kumbh This Work publish Tender Notice No. 08/2025-26 Last Date & Time of Issue of Blank Tender form 30/07/2025 to 20/08/2025 UPTO 3.00 website http://mahatenders.gov.in Last Date of receipt of Sealed Tender form **20/08/2025** Public Health Engineering Department, (WS) Nashik Municipal Corporation, Nashik. The detailed tender notice, document would be available on www.mahatenders.gov.in

**Note:** All the following necessary instructions / clarifications will be published on the online website.

**Sd/-**
**Superintending Engineer, (WS)**
**Public Health Engineering Department (WS)**
**Nashik Municipal Corporation, Nashik**

**Sd/-**
**Commissioner and Administrator**
**Nashik Municipal Corporation, Nashik**

जनसंपर्क/जा.क्र/१८७/२०२५
दि.३०/०७/२०२५
सर्व नागरिकांनी पाणी काटकसरीने वापरावे.

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रॉंझी, जबलपुर**

रा.प्र.क्र.-0017/अ-6/सन् 2025-26

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजकुमार प्रजापति पिता स्व. श्री साधु प्रसाद प्रजापति निवासी- मकान नंबर 28 मंडला रोड जबलपुर द्वारा ग्राम जमतरा, परसवाड़ा प.ह.नं. 45, 25 नं.बं. 256/165 खसरा नं. 61/1, 174/3, 174/4 रकबा 0.66 हेक्टेयर, 0.04 हेक्टेयर भूमि वसीयतनामा के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि आवेदक के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मोहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 30.07.2025 को जारी।

जारी दिनांक -30/07/2025
पेशी दिनांक -14/08/2025
अतिरिक्त तहसीलदार रॉंझी जबलपुर

खंड-1
**मध्यप्रदेश शासन**
**कार्यालय नरसिंहपुर (सा.) वनमंडल मध्यप्रदेश**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/3881/ई-टेंडरिंग/2025-26 — दिनांक 28/07/025

1. वनमण्डलाधिकारी नरसिंहपुर (सा.) वनमंडल द्वारा पूर्व में दिनांक 08 अप्रैल 2025 एवं दिनांक 28 अप्रैल 2025 से जारी मुहर बंद निविदा निरस्त करते हुए जारी नवीन निर्देशानुसार पुनः म.प्र. भण्डार क्रय निगम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित 2022) के अंतर्गत वन्य एवं वन्यप्राणी तथा अन्य वन संपदा की प्रभावी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये मासिक किराये पर वाहन अनुबंधित करने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | वाहन का प्रकार | सत्यांकार निधि (रू. में) | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | स्कॉर्पियो, बोलेरो वनों की सुरक्षा हेतु उपयुक्त वाहन | 54,000/- | 1000/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/क्रेश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर(दिनांक)30/07/25 को प्रातः10 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
4. वन मंडल अंतर्गत वन सुरक्षा एवं उड़नदस्ता हेतु कुल 06 वाहनों की आवश्यकता है।
5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.mptenders.gov.in/
7. निविदा शर्तें एवं विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल https://mpforest.gov.in/से भी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | जानकारी | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रारंभ करने की तिथि | 30/07/2025 प्रातः 10:00 बजे |
| 2. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 12/08/2025 शाम 06:00 बजे |
| 3. | प्राप्त तकनीकी प्रस्तावों को खोलने का समय और तिथि | 14/08/2025 प्रातः 11:00 बजे |
| 4. | जमा करने का प्रकार | ऑनलाईन जमा https://www.mptenders.gov.in/पर करें |

जी-16479/25
स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता
वनमंडल अधिकारी नरसिंहपुर

**छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड**
**प्रधान कार्यालय- ऑफिस कॉम्प्लेक्स, ब्लॉक-ए, सेक्टर-24 अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)**
**दूरभाष- 0771-2972124, 2972125, 2972126**
ई-मेल: vanvikasnigam@yahoo.com, cgrvvnl@gmail.com वेबसाइट: http://rvvn.cgstate.gov.in

**माह अगस्त 2025 में सर्वसाधारण हेतु नीलाम सूचना**

| क्र. | परियोजना मंडल का नाम एवं मुख्यालय | काष्ठागारों का नाम | नीलाम तिथि एवं समय | अनुमानित काष्ठ की मात्रा: काष्ठ (घ.मी.) सागौन | काष्ठ (घ.मी.) साल | काष्ठ (घ.मी.) अन्य | बल्ली (नग) सागौन | बल्ली (नग) साल | बल्ली (नग) अन्य | जलाऊ चट्टे नग | औ. बांस (नो.टन) | व्यापारिक बांस (नग) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बारनवापारा | कोडार | 5-8-2025 | 3098 | - | 624 | 61380 | - | 71000 | 1000 | - | - |
| 2. | कोटा | कोटा | 11-8-2025 | 1982 | 242 | 362 | 57671 | 11051 | 22602 | 739 | - | - |
| | सरगुजा | | | - | 249 | 117 | 72 | 92 | 400 | 79 | - | - |
| 3. | अंतागढ़ | कराठी | 14-8-2025 | 842 | - | 207 | 23424 | - | 7380 | 166 | 19 | - |
| | जगदलपुर | | | 111 | 110 | 8 | 4983 | - | 23 | 6 | - | - |
| 4. | कवर्धा | बोड़ला | 19-8-2025 | 378 | 6 | 37 | 74962 | - | 1414 | 194 | - | 270 |
| 5. | पानाबरस | मोहला | 27-8-2025 | 1787 | - | 561 | 107792 | - | 47579 | 250 | - | - |

**टीप:-** 1. नीलाम की शर्तें संबंधित परियोजना मंडल कार्यालय/काष्ठागारों/ वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती हैं. 2. उक्त नीलाम ई-ऑक्शन के माध्यम से किया जाएगा. 3. इस हेतु ई-ऑक्शन पोर्टल https://cgfdceauction.in/ लांच किया गया है. 4. क्रेता यदि चाहें तो नीलाम से 03 दिन पूर्व से लॉट का निरीक्षण कर सकते हैं. 5. जिन क्रेताओं का पंजीयन इस कैलेंडर वर्ष के लिए हुआ है, वह मान्य होगा. 6. क्रेता शंका समाधान हेतु ई-ऑक्शन पोर्टल के मोबाइल नंबर 9990732388, 8393999099 से सम्पर्क कर सकते हैं. 7. ई-ऑक्शन निर्धारित तिथि को प्रातः 9 बजे से आरंभ होगा.

44746/4
प्रबंध संचालक